# कार्यालयः– जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका।

Mail –damodumkajhr@gmail.com

(जिला आयुष समिति दुमका)

पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षकों के चयन हेतु विज्ञापन

विज्ञापन सं0 –01/आयुष/2026

जिला आयुष समिति दुमका के अधीनस्थ संचालित सभी 19 (उन्निस) आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) हेतु पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक (Part Time) के चयन हेतु दिनांक 03/06/26 एवं दिनांक 04/06/26 को पूर्वाहन 10:30 बजे से Walk-In –Interview "सिविल सर्जन कार्यालय दुमका के सभागार" में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नलिखित शर्तो के अधीन विज्ञापन की तिथि से दिनांक– 02/06/26 संध्या 5 बजे तक "कार्यालय जिला संयुक्त औषधालय दुमका, बांधपाडा (पोस्टमार्टम हाउस के बगल में)दुमका पिन 814101" के कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | पद नाम | पदों कि सं0 | आवश्यक अर्हता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | योग प्रशिक्षक (Part Time) (पुरूष/महिला) | पुरूष– 19<br>महिला–16 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कोर्स का होना या योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड | योग प्रशिक्षक (Part Time ) को प्रत्येक सत्र के लिए रूपये 250/– देय होगा। |

योग प्रशिक्षक (Part Time) के Walk –In Interview की प्रखण्डवार सूचीः–

| क्र0 सं0 | सक्षात्कार की तिथि | प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 03/06/26 | शिकारीपाडा, रानेश्वर, मसलिया, जामा, जरमुण्डी, |
| 2. | 04/06/26 | रामगढ़, गोपीकान्दर, काठीकुण्ड, सरैयाहाट, दुमका सदर |

सामान्य निर्देशः–

1. साक्षात्कार के दिन संबंधित सभी तरह के प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति एवं मूल प्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो अपने साथ लाऐंगे।
2. साक्षात्कार हेतु वांछित आवेदन प्रपत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यस्थल चयन हेतु वरीयता के आधार पर तीन स्थल चयन करना अनिवार्य होगा।
3. चयन के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड /तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रदद् कर दी जाएगी।
4. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
5. चयन के उपरांत नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा, अगर भविष्य में नियमितिकरण का दावा करते है तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी सामाप्त कर दी जाएगी ।
6. कार्य दिवस /योग सत्र आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिए गये मार्ग दर्शिका के अनुरूप होगी ।

11/05/26

7. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) (विज्ञापन के साथ संलग्न) में योग /अन्य Wellness Activities का पुरूष योग प्रशिक्षक (Part-Time) द्वारा कम से कम 10 एवं अधिकतम 32 सत्र एवं महिला योग प्रशिक्षक (Part Time) द्वारा कम से कम 10 एवं अधिकतम 20 योग सत्र तथा HSC कोरईया ,मोरटंगा, जामदली, दुमका प्रखंड हेतु पुरूष योग प्रशिक्षक (Part Time) को अधिकतम 10 योग सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर कराया जाना आवश्यक होगा। प्रत्येक सत्र 2 घंटे का होगा। प्रत्येक सत्र में कम से कम 5 व्यक्ति का होना आवश्यक होगा।
8. स्थानीय प्रमाणित ( Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जाएगी। जिसके लिए स्थानीय प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। दुमका जिले के स्थानीय अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के 5–10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जाएगी।
11. योग /अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जाएगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नहीं होगी तो वैसी स्थिति में निकटतम स्कुल, पंचायत भवन, आंगनबाडीं केन्द्र, या अन्य सामुदायिक भवन में योग /अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
12. चयनित योग प्रशिक्षक (Part Time ) का पद एवं पारिश्रमिक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार /आयुष निदेशालय राँची झारखण्ड द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार होगा।
13. योग हेतु योगा मैट/ दरी उक्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
14. योगा हौल में योग / अन्य Wellness Activities का प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर लगाना आवश्यक होगा जोकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।
15. एक योग प्रशिक्षक अधिकतम तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर मे अपनी सेवा प्रदान कर सकते है।
16. आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की सूची एवं आवेदन हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय सूचना पट्ट /NIC Dumka Portal "https;//dumka.nic.in" पर उपलब्ध है ।
17. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन तथा Walk-In-Interview की तिथि मे आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति दुमका के पास सुरंक्षित होगा।

सदस्य सचिव
11/05/26
जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
दुमका।

अध्यक्ष
11/05/26
सिविल सर्जन
दुमका।

# योग प्रशिक्षक आवेदन हेतु विहित प्रपत्र

**विज्ञापन संख्या–01/आयुष/2026**

सेवा में,

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
दुमका।

| स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1. आवेदक का नामः–
2. पिता/ पति का नामः–
3. जन्म तिथि (मैट्रिक प्रमाण पत्र के अनुसार):–
4. आधार नम्बरः–
5. मोबाईल नम्बरः–
6. ई0 मेल0 :–
7. स्थायी पताः–
8. पत्राचार का पताः–
9. शैक्षणिक योग्यताः–

क. क्रमशः न्यूनतम दसवीं की योग्यता से शुरू करते हुए उच्चतम योग्यता अंकित करेगे।
ख. सभी योग्यताओं का स्व–अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र को संलग्न करना अनिवार्य है।

| परीक्षा का नाम | उत्तीर्णता का वर्ष | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

10. कार्य अनुभव (यदि कोई हो तो)

क. वर्तमान के कार्य अनुभव से शुरूआत करते हुए सभी अनुभव योग से संबंधित को ही दर्ज करेगे।
ख. अनुभव प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करेगें।

| पद का नाम | कार्यालय/संस्थान का नाम | अनुभव (तिथि अंकित करेंग) | |
|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

11. स्थानीय प्रमाण पत्र संख्या :– दिनांकः–

12. तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का चयन प्राथमिकता के आधार पर करें :–

A.
B.
C.

## घोषणा पत्र

उपरोक्त सभी सूचनाएँ मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है। किसी भी स्तर पर सूचनाएँ गलत पाए जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी रदद् करते हुए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

तिथिः–

स्थानः–

आवेदक का हस्ताक्षर